
# त्योहारी मांग के बावजूद घट रहे चीनी के दाम

**सुशील मिश्र**
मुंबई, 26 अगस्त



- हाजिर और वायदा बाजार कीमतों में गिरावट का रुख
- वैश्विक बाजार में 6 माह के निचले स्तर पर पहुंचे दाम

**कृषि** जिंसों की कीमतों में लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने के बावजूद खाद्य तेल के साथ ही चीनी की कीमतों में भी नरमी देखी जा रही है। चालू महीने में चीनी के दाम करीब 4 फीसदी घटे हैं। हालांकि कारोबारियों का कहना है कि चीनी की कीमतों में बहुत ज्यादा गिरावट नहीं होने वाली है और आने वाले समय में चीनी के दाम चढ़ सककते हैं। हाजिर बाजार में चीनी के दाम घटकर 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के करीब पहुंच गए। हाजिर बाजार की तरह वायदा बाजार में भी चीनी के दाम 3,000 रुपये प्रति क्विंटल के नीचे पहुंच गए। एनसीडीईएक्स में सितंबर वायदा में चीनी की कीमतें घटकर 3,044 रुपये प्रति क्विंटल हो गईं जबकि अक्टूबर अनुंबध में 2,974 और दिसंबर अनुबंध में चीनी के दाम 2919 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गए। त्योहारी सीजन पर चीनी के दाम घटने पर एंजेल ब्रोकिंग के अनुज चौधरी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतों भारी गिरावट का असर घरेलू बाजार में दिख रहा है। वैश्विक बाजार में चीनी की आवक मांग की तुलना में काफी ज्यादा है जिससे कीमतें 6 माह के निचले स्तर पर पहुंच चुकी है। देश में भी चीनी का पर्याप्त भंडार है। इस्मा के अनुसार अक्टूबर-सितंबर पेराई सत्र में देश में 239 लाख टन चीनी का उत्पादन हो सकता है जो पिछले साल के 247 लाख टन के उत्पादन से कम है। लेकिन निर्यात मांग कमजोर होने से चीनी की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। श्रीरेणुका शुगर्स के प्रबंध निदेशक नरेंद्र मुरकुंबी का मानना है कि आयात शुल्क बढ़ने से घरेलू बाजार में चीनी के दाम बढ़ेंगे। चीनी कारोबार रंजीत वाधवा का भी मानना है कि आने वाले समय में चीनी के दाम बढ़ सकते हैं।

**संबंधित खबर : पृष्ठ 6**

बिजनेस स्टैन्डर्ड
27/8/14